आकाशवाणी शिमला

28.08.2026/प्रादेशिक समाचार/1800बजे

राज्यपाल

राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने कहा है कि रक्षाबंधन और श्रावण पूर्णिमा जैसे पर्व भारत की शाश्वत आध्यात्मिक व सांस्कृतिक परंपराओं के प्रतीक हैं। ये पर्व समाज को जोड़ने वाले स्नेह, भाईचारे, सद्भाव और आपसी सम्मान के मूल्यों को और मजबूत करते हैं। वे आज जम्मू स्थित प्रसिद्ध श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में पूजा–अर्चना करने के बाद बोल रहे थे। राज्यपाल ने जम्मू क्षेत्र और हिमाचल प्रदेश के बीच एक समेकित आध्यात्मिक पर्यटन सर्किट विकसित करने की अपार संभावनाओं पर बल दिया। उन्होंने कहा कि दोनों क्षेत्रों में मंदिरों, धार्मिक स्थलों और तीर्थस्थलों की समृद्ध विरासत मौजूद है। इन पवित्र स्थलों के बीच बेहतर संपर्क सुविधा और समन्वित प्रचार–प्रसार से श्रद्धालुओं को अधिक समृद्ध तीर्थयात्रा अनुभव प्रदान किया जा सकता है। साथ ही, जम्मू और हिमाचल प्रदेश की साझा आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत को भी देश–दुनिया के सामने प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया जा सकेगा।

रक्षाबंधन

भाई–बहन के पवित्र प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन त्यौहार आज देश सहित भी प्रदेश में भी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही बहनों ने अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर उनकी सुख–समृद्धि और दीर्घायु की कामना की और वहीं भाइयों ने भी बहनों की रक्षा का संकल्प लेते हुए उन्हें उपहार भेंट किए।बहनों का कहना है कि उन्हें इस पर्व का वर्ष भर बेसब्री से इन्तजार रहता है।

जयराम

राजधानी शिमला के चौड़ा मैदान में पिछले पांच दिनों से आमरण अनशन पर बैठे टैक्सी ऑपरेटरों का अनशन आज समाप्त हो गया। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के आग्रह पर यूनियन ने अनशन समाप्त करने का निर्णय लिया है। यूनियन ने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार ने उनकी मांगों को गम्भीरता से नहीं लिया और उन्हें धरना स्थल से हटाने की कोशिश भी की गई। इस अवसर पर जयराम ठाकुर ने सरकार पर संवेदनहीन रवैया अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा टैक्सी ऑपरेटरों के हितों के लिए उनके साथ खड़ी है। उन्होंने ऑपरेटरों की मांगों को राज्य सरकार के साथ–साथ केन्द्र के समक्ष उठाने का भरोसा दिया ताकि उन्हें राहत मिल सके।

दुर्घटना

कुल्लू जिला मुख्यालय के साथ लगते भेखली क्षेत्र में ब्यासर रोड़ पर कटाहर गांव के समीप आज दोपहर एच.आर.टी.सी. की बस ब्रेक फेल होने से ढांक से टकरा गई। निगम बस की ब्रेक फेल होने पर चालक की सूझबूझ से एक बड़ा हादसा होने से टल गया। जानकारी के अनुसार बस में सवार करीब 46 यात्री घायल हो गए हैं घायलों में 35 महिलाएं और 11 पुरूष शामिल हैं। अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी सुरजीत सिंह ठाकुर ने बताया कि घायलों मे से बस चालक सहित 13 को अस्पताल में भर्ती किया गया है जबकि अन्य घायलों को उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है।

पतंगबाजी

सिरमौर जिला के नाहन शहर में सदियों से रक्षाबंधन के पर्व पर पतंगबाजी की परम्परा चली आ रही है लेकिन अब समय के साथ ये परम्परा लुप्त होने के कगार पर है। रियासतकाल से चली आ रही ये परम्परा केवल मनोरंजन नहीं बल्कि नाहन शहर की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक पहचान का भी हिस्सा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पहले रक्षाबंधन के पर्व पर पूरा आसमान पतंगों से भरा नजर आता था और हर आयु वर्ग के लोग इसमें हिस्सा लेते थे। उनका कहना है कि बदलते समय के साथ अब ये परम्परा दम तोड़ती नजर आ रही है।

———————————————